समाचार

राजस्व मंत्री सुराकछार बाजार के पास करेंगे भूमिपूजन

कोरबा 09 जुलाई 2021 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 10 जुलाई को सायं 04 बजे नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 57 सुराकछार बाजार के पास सामुदायिक भवन निर्माण एवं सर्वसुविधायुक्त शौचालय व यूरिनल निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण पार्षद व एल्डरमेनगण अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।